पत्र सूचना शाखा,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
———————

राज्यपाल ने पुस्तक 'अपना दोस्त : नरेन्द्र मोदी' का विमोचन किया

लखनऊः 24 जनवरी, 2020

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने डा0 जशभाई पटेल द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर गुजराती भाषा में लिखित पुस्तक 'आपणो भेरूबंध : नरेन्द्र मोदी' का हिन्दी में अनूदित पुस्तक 'अपना दोस्त : नरेन्द्र मोदी' का आज राजभवन में विमोचन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री डा0 दिनेश शर्मा, लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 आलोक राय, प्रो0 पी0सी0 मिश्रा, श्री के0सी0 कुमार, डा0 गोविन्द स्वरूप, डा0 कृष्णा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

राज्यपाल ने पुस्तक की सराहना करते हुए कहा कि डा0 जशभाई ने मोदी जैसे विराट व्यक्तित्व पर पुस्तक लिखकर अभिनन्दनीय कार्य किया है। इस पुस्तक से हिन्दी भाषी जन समुदाय को भी श्री मोदी जी के आदर्श व्यक्तित्व से प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि श्री पटेल अपनी अन्य रचनाओं को भी हिन्दी भाषा में प्रकाशित करेंगे।

——————

ओ0पी0राय/राजभवन (120/15)